THE COMPULSORY VOCATIONAL EDUCATION BILL, 1990

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि–

शैक्षणिक संस्थानों में अनिवार्य व्यवसायिक और तकनीकी शिक्षा प्रदान कराने और उससे संबंधित मामलों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

The question was put and the motion

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : मैं इस विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

THE CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL, 1990

(Insertion of new Article 18A)

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि–

भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

The question was put and the motion was adopted.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : मैं इस विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

THE RAILWAYS PASSENGERS' INSURANCE SCHEME BILL, 1990

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : (बिहार) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि–

रेल यात्रियों की जान, सामान और अन्य माल असबाब के लिए व्यापक बीमा योजना और उससे संबंधित मामलों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

The question was put and the motion was adopted.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : मैं इस विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

THE CONSTITUTION (AMENDMENT)' BILL, 1990

(To amend Article 51A)

SHRI JOHN F. FERNANDES (Goa): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

The question was. put and the motion was adopted.

SHRI JOHN F. FERNANDES: Sir, I introduce the BiR..

THE AGRICULTURAL WORKERS' (MINIMUM WAGES AND WELFARE)-BILL, 1986. (Contd.)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Shri Ramdas Agarwal—Not here. Shri Ram Awadhesh Singh^Not here. Shrimati Bijoya Chakravarty—Not here. Shri Ram Jethmalani—Not here.

Now we will take up'the Agricultural Workers (Minimum Wages and Welfare) Bill, 1986 Mr. Shanti Tyagi.

श्री शांति त्यागी (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन, पिछली बार माननीय बलराम जी के खेत-मजदूरों संबंधी विधेयक पर अपनी स्पीच शुरू करते हुए मैंने कहा था कि मैं विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के खेत-मजदूरों की दशा के बारे में कहूंगा। मैं मानता हूं कि शेष भारत में भी खेत-मजदूरों की हालत और भी खराब है, और बदतर है। मैंने यह भी कहा था कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कृषि-मजदूर की बहुत बड़ी संख्या शेड्यूल्ड कास्टस, पिछड़ी जातियों और मुस्लिम सम्प्रदाय में से आती है और अब बिहार के मजदूर भी पश्चिमी-उत्तरप्रदेश में काम करने के लिए आने लगे हैं, उनकी तादाद बढ़ रही है।

श्रीमन, एक तो व कृषि-मजदूर हैं, जो साल के साल धनी किसानों की खेती में काम करते हैं। ये मजदूर उनकी मशीनों पर, ट्यूबवेल पर, थ्रेशर पर और पावर के जो कोल्हू चलते हैं, उन पर काम करते हैं और दूसरे ऐसे काम करते हैं। धनी किसानों के यहां सालाना काम करने वाले ये जो मजदूर हैं, इनकी तादाद बहुत कम है, बहुत ज्यादा लोग ये नहीं हैं। धनी किसानों के यहां उनकी खेती में काम करने वाले साल भर के जो रेगुलर मजदूर हैं, उनके अलावा सीजनल मजदूर भी काम करते हैं बुआई के वक्त, कटाई के वक्त और ऐसे ही मौकों पर।

श्रीमन, धनी किसानों के अलावा एक केटेगरी और है, जो खाली उत्तरप्रदेश में ही नहीं, सब जगह है मिडिल किसान और कुछ छोटा किसान। इनके यहां भी साल में कभी-कभी वक्त पड़ने पर, काम की अधिकता होने पर मजदूरों की जरूरत रहती है। महीने में, साल भर में कहिए, कभी-कभी दस-बीस रोज के लिए इनको भी दिहाड़ी मजदूरों को रखना पड़ता है।

श्रीमन, यह जो सालाना मजदूर काम करते हैं धनी किसानों के यहां, मंत्री जी नहीं सुन रहे आप, मालवीय जी जानते हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इनकी जो माहवारी तनख्वाह है, हैं वे साल भर के लिए...

प्रति माहवार तनख्वाह जो है वह 300 या 400 रुपए माहवार की है इस वक्त और सुबह का नाश्ता, जिसमें दो रोटी या कुछ सब्जी उनको मिलती है। यह है मोटे तौर पर एक माहवार तनख्वाह जो साल भर मजदूरी करते हैं उनकी और जो दैनिक वेतन पर काम करते हैं उनकी तनख्वाह 15 या 20 रुपए रोज की है। यह है पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कृषि मजदूरों की सामाजिक बनावट, जाति बनावट या उनकी गुजर-बसर का नक्शा।

मान्यवर, जो लाखों मजदूर वहां पर हैं या कहीं पर भी हैं, इनको साल भर में मेरे ख्याल में दो तीन महीने के लिए ही काम मिलता है और बाकी टाइम यह बेकार रहते हैं। बेकार का मतलब यह कि वे किसानों के यहां काम नहीं करते हैं और एक-दो भैंस रखकर, मवेशी रखकर, पशुपालन करके अपना जीवनयापन करने की कोशिश करते हैं लेकिन ठीक से उनके परिवार का भरण-पोषण भी नहीं होता है। अब आप कृपा करें और निगाह डालें कि उनकी रहने की कंडीशन्स क्या हैं। मान्यवर, कच्चे मकान हैं या झोंपड़ियों में निवास कर रहे हैं, मोहल्लों में गंदगी है और उनके एम्प्लायर, जो धनी किसान हैं, उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है कि वे उनको कोई झोंपड़ा या कोई कोना किसी मकान में प्रोवाइड करें, उनकी यह कोई जिम्मेदारी नहीं है। अगर मजदूर बीमार हो गया तो उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है और अगर कोई एक्सीडेंट हो गया-ट्रेक्टर पर, ट्यूबवेल पर, थ्रेशर पर या पावर कोल्हू पर, तो उनकी गरज से सौ दफा हो उनको कोई मुआवजा नहीं देना है और उनके इलाज का भी कोई इंतजाम नहीं करना है। यह हालत है उनकी वर्किंग कंडीशन्स की, यह हालत है उनकी लिविंग कंडीशन्स की! उपसभाध्यक्ष जी, यह दशा खेत मजदूरों की उत्तर प्रदेश में है और हरियाणा तथा पंजाब में भी ऐसी ही है। पूरे यू.पी., बिहार और राजस्थान में इससे कहीं ज्यादा खतरनाक हालत है और बड़े अफसोस की बात है कि कानून बने हैं राज्यों में मगर कानून धूल चाट रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपको यह भी कहना चाहता हूं इस माननीय सदन के सामने कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जहां मजदूरों का आर्थिक शोषण हो रहा है, सामाजिक शोषण हो रहा है, वहां आप यह भी समझें कि कभी-कभार नहीं बल्कि ज्यादातर जगहों पर जो वोट डालने का अधिकार है, उससे भी वे वंचित रखे जाते हैं और मैं आपसे कहूंगा इस सदन में कि आज यह सरकार बैठी हुई है और उसके जो घटक हैं, वह भी यह कार्रवाई करते हैं कि गरीब मजदूरों, हरिजनों और खेत मजदूरों को वोट डालने के लिए बक्से तक भी नहीं जाने देते। यह कार्रवाई

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी होती है और हरियाणा में भी।

जब एक सवाल उठा था मजदूरों की यूनियन बनाने की। मैंने पासवान जी से कहा था कि हम दोनों चलें और यह यूनियन बनाकर देखें, लेकिन यह बड़ा मुश्किल काम है। मजदूरों की यूनियन बने तो बड़ी अच्छी बात है। लेकिन होता क्या है कि गांवों में कई किस्म के लोग हैं—कोई खेती में काम कर रहे हैं, कुछ पशु-पालन कर रहे हैं तो कुछ दस्तकार हैं। अब अगर "गरीबों की यूनियन" नाम रखें तो मुश्किल है, कई किस्म के मजदूर आ गए। 'खेत मजदूरों की यूनियन' रखें तो वह अकेले रहेंगे। यहां तक कि ग्रामीण मजदूरों की भी अगर आप यूनियन बनायेंगे तो तमाम किसान, किसी भी जाति के हों—छोटा हो, बीच का हो या ऊंची जाति का हो, सब मिलकर एक जट खड़े हो जाते हैं और यूनियन को कुचलने की कोशिश करते हैं। मजदूरों को तरह-तरह के प्रलोभन देते हैं और इस तरह से यूनियन को तोड़ने की कोशिश करते हैं। यह वहां की सामाजिक बात में आ गया है कि कोई भी किसान, हो, गरीब भी हो, मगर वह भी यह टालरेट करने को तैयार नहीं है कि मजदूर लोग अपनी सभा बना लें, इसके लिए वह तैयार नहीं है।

मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि आजादी के 43 सालों में अगर कोई यह कहना चाहे इस सदन में या बाहर भी कि कुछ काम हुआ ही नहीं गरीबों के लिए, खेत मजदूरों के लिए राज्यों में या केन्द्र में तो यह अपमान करना है पालियामेंट का, यह अपमान है राज्य विधान सभाओं का और यह अपमान करना है उन तमाम नेताओं का जिन्होंने गरीबों को, खेत मजदूरों को और देश के गरीबों को ऊपर उठाने के लिए, उनके उत्थान के लिए, उनकी प्रोग्रेस के लिए और उनकी जिंदगी को ऊपर उठाने के लिए कानून बनाये और जो बहुत सी योजनायें बनाई, यह उनका तिरस्कार करना और अपमान करना है। मान्यवर, यह ठीक है कि 43 सालों में और बहुत कुछ भी हो सकता था लेकिन यह बात मत भूलिये इंदिरा गांधी जी ने, राजीव गांधी जी ने अपने जमाने में जब प्रधान मंत्री थे, गरीबों के लिए बहुत कानून बनाये हैं संसद में भी, स्टेटस में भी, मगर नौकरशाही फ्यूडल एलीमेंटस ने मिलजुलकर यह चेष्टा की है कि इन कानूनों को गांव में इम्प्लीमेंट न होने पायें या कम से कम इम्प्लीमेंट हों। श्रीमान मैं अंत में निवेदन करूंगा, आप मुझे समझने की कोशिश करें माननीय मंत्री जी, मैं खुद एक किसान हूं, गरीब तो नहीं कहूंगा लेकिन हां अच्छी खेती करता हूं। यादव जी आपको भी कह रहा हूं कि अगर कोई कानून आप बनाना चाहते हैं संसद में तो बहुत व्यापक बनाना चाहिए, मैं उसकी पैरोकारी कर रहा हूं। मगर टाटा, बिरला के कारखानों में, अध्यक्ष जी सुने, टाटा बिरला के कारखानों में जो वेतन, प्राविडेंट फंड, ग्रेच्युटी, वर्दी, छुट्टी, बोनस, मकान यह जो सुविधायें हैं अगर गांव के मजदूरों को, खेत मजदूरों को किसानों से आप दिलवाने की चेष्टा करेंगे तो यह मामला इसमें भी गड़बड़ होगा जैसा कि मंडल कमीशन पर आ कल हो रहा है। मैं यह बोल रहा हूं, मैं मंडल कमीशन का विरोधी नहीं हूं आप जानते हैं। जैसा मैंने कहा कि जो हालात गांव में है, किसान की जो आर्थिक जीवन है, उससे मिली हुई क्या चीज निकल सकती है मजदूरों के लिये तनख्वाह की और जो दूसरी रियायतें हैं, यह कोशिश करनी चाहिए।

एक व्यापक कानून बने और एग्रीकल्चर लेबर का अलग विभाग बने सेंट्रल में, राज्यों में अलग विभाग बने और जो विवाद तनख्वाह के बारे में एम्प्लायर और मजदूरों के बीच उठते हैं उनको हल करने के लिए कोई लीगल फोरम जिलों में या सूबे में कहीं न कहीं बनने चाहिए ताकि यह विवाद बहुत जल्दी हल हों और आपस में मारामारी न हो, यह भी जरूरी है। इस व्यापक कानून में जो मुद्दे मैं उठाना चाहता हूं, तनख्वाह तो पहले भी बहुत से राज्यों में कानून बनाकर निर्धारित की जा चुकी है, अब प्राइस राइज बहुत हो चुकी है अब जो कानून बने, संक्षेप में मैं कह रहा हूं, आपको उसमें न्यूनतम मजदूरी

[श्री शांति त्यागी]

काम के घंटे—इसमें रात को भी काम करना पड़ता है। किसानों को रात में बिजली मिले, ट्यूबवैल पर रात को जाना पड़ेगा। अगर ओवर टाईम करता है तो मालिक के लिए चाहे जमींदार हो, चाहे मध्यम किसान है यह जरूरी है कि ओवर टाईम का पेमेंट भी मजदूरों को करना चाहिए। तो न्यूनतम वेतन, काम के घंटे, ओवर टाईम का पेमेंट, बीमारी में इलाज, एक्सीडेंट में कुछ मुआवजा और साल में कम से कम दो वर्दी चाहे खद्दर की हो या यूनि-फार्म मजदूरों को मिलनी चाहिए। बड़ा महंगा कपड़ा पड़ता है मजदूरों को, कोई भी जमींदार दे सकता है दो वर्दी और बच्चे व महिला श्रमिकों के लिए विशेष प्रावधान होना चाहिए और यह जो व्यापक कानून बनायें इसमें इन मुद्दों के ऊपर लेजिस्लेशन अवश्य होना चाहिए। अंत में, मैं आपसे कहूंगा कि यह जो आप गिनती करते हैं कि 8 करोड़ लोग हैं, 10 करोड़ लोग हैं बहुत गरीब लोग हैं, खेत मजदूर हैं और लोग भी हैं, इस माननीय सदन में यह चर्चा हो रही है बहुत अच्छी बात है और इतनी आप नोट करलें, जब चर्चा यहां हो रही है या तो यह काम आप करिये इनके लिए और जितनी जल्दी करें अच्छा है, वरना इन गरीबों में भी नई चेतना पैदा हो रही है और यह कुछ नये सपने अपने उज्ज्वल और सुखद भविष्य के लिए देख रहे हैं और अभी बहुत वक्त है, ज्यादा नहीं है, वक्त है, मगर आप कुछ कानून बनायें इनके सुखद भविष्य के लिए अन्यथा यह अपना रास्ता खुद बनायेंगे और यह रास्ता उथल पुथल का होगा आराम का नहीं होगा। इन शब्दों के साथ मैं चाहता हूं कि माननीय बलराम जी का विधेयक यह सदन स्वीकार करे और अगर यह मुमकिन नहीं है और वह विदड्रा करें तो कम से कम जो भावनायें उन्होंने अपने विधेयक में और अन्य माननीय सदस्यों ने यहां पर रखी हैं, उनको सरकार ग्रहण करके एक व्यापक कानून कृषि मजदूरों के लिए बनाना चाहिए। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : जाधव जी, आप पांच मिनट में खत्म कर देंगे। आपको जाना है, आप बोल रहे थे।

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव (महाराष्ट्र) : हां, मैं शुरू करके ही समाप्त करूंगा। उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे बलराम जी ने एग्रीकल्चर वर्कर्स के लिए मिनिमम वेजेज और वैल्फेयर बिल रखा है, यह बहुत अच्छा बिल है और मैं इसका समर्थन करता हूं लेकिन उसके ऊपर मेरे कुछ रिजर्वेशन्स हैं। बलराम जी भी अच्छी तरह से जानते हैं, यह सदन और पूरा देश यह जानता है कि इस देश की 70 प्रतिशत जनता ग्रामों में रहती है और कृषि पर निर्भर करती है। उसमें से 50 प्रतिशत खेतिहर मजदूर हैं जो खेतों में काम करते हैं। जब हम किसानों की तरफ देखते हैं तो किसानों में भी 70-80 प्रतिशत किसान 5 एकड़ से कम जमीन की होल्डिंग रखते हैं। जब हम जमीन की पर-कैपिटा होल्डिंग निकालते हैं तो वह 27 गुण पर हैड आती है। एग्रीकल्चर पर यह जो इतना बड़ा प्रेशर है, यह जो 55-60 करोड़ लोग गांवों में रहते हैं और कृषि पर निर्भर हैं, इन सारे लोगों की जीविका का जो मुख्य साधन है वह खेती है और जब हम उन लोगों की आर्थिक स्थिति की तरफ देखते हैं तो हमें दुःख होता है। हम इस सदन में और दूसरे सदन में भी शहरों में जो झोंपड़-पट्टी में रहने वाले लोग हैं, स्लम्स में रहने वाले लोग हैं उनकी समस्याओं के बारे में सवाल उठाते हैं मगर देहात में 70 से 75 प्रतिशत लोग ऐसे घरों में रहते हैं जिनकी परिस्थिति स्लम्स से भी ज्यादा खराब है। उनमें हरिजन हैं, गिरीजन हैं, माइनोरिटीज के लोग हैं।

तीन बुनियादी बातें जो मानी गई हैं रोटी, कपड़ा और मकान वह तो हमारे देश में कम से कम हरेक आदमी को मिलनी चाहिए, यह उसका बेसिक राइट है। अभी जो यह राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार आई है, जनता दल की सरकार आई है उन्होंने तो "राइट टू वर्क" विधेयक लाने का वायदा किया है। वह तो बिल्कुल ठीक

बात है। यह कांस्टिट्यूशन में भी है। माफ कीजिए कांस्टिट्यूशन में यह नहीं है फिर भी हमारे पास जो रिसोर्सेज हैं हमारे पास जो कुल काम उपलब्ध है उससे कहीं ज्यादा संख्या में कामगार उपलब्ध हैं। तो पहली बात तो यह है कि काम का बंटवारा कैसे हो।

उपसभाध्यक्ष जी, बलराम जी ने अपने बिल के क्लाज 5 में कहा है कि——

"No employer shall engage any agricultural worker unless he has registered himself with the Authority."

मैं जानना चाहता हूं कि आप कौन सी एथारिटी में उनका रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं उसके बारे में मैं कुछ स्पष्टीकरण चाहता हूं। उन्होंने लिखा है कि——

"If an unregistered employer engages any person for working on his land he shall be punishable with imprisonment for a term which may extend to six months, or with both."

क्लाज 9 में उन्होंने लिखा है कि——

"Every employer shall pay a minimum of rupees six hundred per month or rupees twenty per day to a worker engaged by him for work on his land, and this rate of wages shall be subject to change in accordance with the rise in prjce index."

यह तो उन्होंने बहुत अच्छी बात कही है। आज अगर हम देखें तो 20–25 रुपये रोज भी कम पड़ते हैं। प्रश्न यह उठता है कि यह वेजेज देने वाला कौन है ? यह देने वाली सरकार नहीं है, यह देने वाला इंडस्ट्रियलिस्ट नहीं है, यह देने वाला कोई सदन का आदमी नहीं है, यह देने वाला है भारत का किसान। अगर किसान की हालत अच्छी है तो किसान कभी अपने कामगारों को, अपने मजदूरों को भूखा नहीं मारना चाहता है। मैं खुद एक किसान हूं और मैं उनकी हालत अच्छी तरह से जानता हूं। हमारे यहां महाराष्ट्र में 4000–5000 रुपए, से कम सालाना कोई भी नौकरी पर नहीं आ सकता है। जैसे-जैसे इरिगेशन बढ़ता जा रहा है, पंजाब में तो 40 रुपए रोज मजूरी मिलती है मगर जब प्राइस-इंडेक्स भी उतना ही बढ़ता है, जब इन्पूट्स की कौस्ट बढ़ती है तो मेरा आपसे निवेदन यह है कि जो देने वाला है यह भी किसान ही है। यह उस भूमि का मालिक नहीं है, यह

3-00 P.M. लेबर है, उसको करने वाला है और वहां पर जो यंत्र हैं उनसे खेती करता है और पूरे देश के लिए, अनाज पैदा करता है। मगर उसकी हालत के बारे में नहीं सोचा जाता है। मैं कहता हूं कि हर मजदूर को महीने में एक हजार रुपया कम से कम मिलना चाहिए, उससे कम पर बसेरा नहीं होता। लेकिन जो किसान है उनकी हालत भी तो एक हजार रुपए, उसको देने की होनी चाहिए। जब चौधरी देवीलाल ने भाव बढ़ाए किसानों के अनाज के, जब भजन लाल जी ने बढ़ाए तब टाइम्स आफ इंडिया में कितने बड़े बड़े एडिटोरियल लिखे गए। इस देश में किसानों के बारे में कोई नीति लाते हैं तो पूंजीपति जिनके बड़े बड़े समाचारपत्र हैं, जो उनकी प्रसिद्धि है, वे इसके विरोध में लिखकर इसको हराकर रख देते हैं जैसे मंडल कमीशन पर आप देख रहे हैं कि क्या हो रहा है। अगर सरकार मजबूत इरादे से खड़ी है तो मंडल कमीशन को लागू किया जाए। लेकिन उन्हीं के दल के बीजू पटनायक साहब ने विरोध किया है और मैंने सुना है कि चिमन भाई पटेल भी खिलाफ जा रहे हैं।

श्रम एवं कल्याण मंत्री (श्री राम विलास पासवान) : हमारे दल में कोई भी खिलाफ नहीं जा रहा है और मंडल कमीशन की सिफ़ारिशें लागू करने के लिए नोटिफ़िकेशन जारी हो गया है..... (**व्यवधान**)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : आज बीजू पटनायक का स्टेटमेंट है कि मंडल कमीशन की सिफ़ारिशों को लागू करने के पक्ष में है... (**व्यवधान**)

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल (पंजाब) : मालवीय जी, जो परसों वाली स्टेटमेंट था वह क्या गलत था ?... (**व्यवधान**)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : उन्होंने कहा है कि वे इसके पक्ष में हैं... (**व्यवधान**)

श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल : परसों की बात ठीक थी या आज की बात ठीक है? ... (**व्यवधान**)

श्री राम विलास पासवान : दल में दो मत नहीं हैं। कुछ गलतफ़हमियां थीं जैसे कि राज्य सरकारों को डर यह है कि शायद 27 परसेंट जो मंडल कमीशन की सिफ़ारिश को लागू किया गया है, यह केन्द्र सरकार की सेवाओं के साथ साथ राज्य सरकारों की सेवा में भी लागू किया जाएगा। यह बिलकुल बेबुनियाद है। यह केवल केन्द्र सरकार के लिए है। राज्य सरकारों को इससे भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। यह वहीं लागू होगा जहां पिछड़ी जातियों को सुविधा मिल रही है और मंडल जो कमीशन में है उसकी समान सूची में जो होगा, उसी पर यह लागू होगा। जैसे राजस्थान है, उड़ीसा है, जहां पिछड़ी जातियों की लिस्ट नहीं हैं, उनके लिए यह सुविधा नहीं है। यह सिर्फ़ कामन सूची के लिए है। वह उनके दिमाग में गलतफ़हमी थी, उसको दूर कर दिया गया है। लेकिन जनता दल में ऊपर से नीचे तक कोई विरोध नहीं है।

श्रीमन मेरा प्वाइंट आफ़ आर्डर है।

डा० अबरार अहमद खान (राजस्थान): मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि ज्यादातर सर्विसेज राज्य सरकारों की हैं, केन्द्र सरकार की कितनी होती हैं? तो उनको कैसे प्रोटेक्ट कर रहे हैं? आपने जो पहले भाषण में कहा था कि इसे केन्द्र के अंदर लागू करेंगे, उसके बाद राज्य सरकारों पर असर डालेंगे, क्या आपने यह मानस बना लिया है कि आप राज्य सरकारों के ऊपर दबाव नहीं डालेंगे, क्या कार्यान्वयन के लिए उनसे कोई बात नहीं करेंगे? यह विरोधाभास आप पैदा कर रहे हैं, यह तो बड़ी अजीब स्थिति हो गई है... (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): There is no point of order. I hope the Minister will not enter into this debate.

SHRI N. E. BALARAM (Kerala): Sir, what is the meaning of this? Are we discussing the Agricultural Workers Bill, or the Mandal Commission Report? If they are worried about the Mandal Commission Report, let them speak when that comes up. This is very unfair. We are discussing an entirely different thing. If he has got anything to say about Agricultural Workers Bill, let him speak on it.

SHRI VITHALRAO MADHAVRAO JADHAV: The question, Mr. Balaram, is that all these minorities which come within the purview of the Mandal Commission Report are mostly farm labourers—a majority of them are, isn't it? We want social justice for them. SU7 कोशिश कीजिए। यह सरकार जिसको आप सपोर्ट कर रहे हैं, इस सरकार के एक एम०पी०, एक संसद सदस्य ने रेजिगनेशन दे दिया है मंडल कमीशन पर।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): You address the Chair, not the Members.

SHRI N. E. BALARAM: It is a far-fetched argument, gentlemen.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Don't refer to issues which evoke some debate.

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : उपसभाध्यक्ष महोदय, यह बात नहीं है किसान और खेतमजदूर का जो नाता है ऐसा नाता है जैसे पानी और दूध का होता है। जैसे दूध में पानी होता है

और पानी में दूध होता है वैसे ही खून का रिश्ता इनका है ।

श्री राम विलास पासवान : कांग्रेस पार्टी ने अपने प्रस्ताव में क्या पास किया था ?

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : इसका विरोध नहीं किया कांग्रेस पार्टी ने ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : 10 साल से रिपोर्ट पड़ी हुई थी । न इन्दिरा गांधी ने और न राजीव गांधी ने इसको लागू किया ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Honourable Members will keep in mind that it is a Private Member's Bill.

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : इन्होंने मेरी पार्टी के बारे में कहा है इसलिए मुझे जवाब देना है । कांग्रेस पार्टी की नीति रही है गरीबों को उनका हक दिलाने की । इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि बैकवर्ड क्लास में गरीब लोग हैं वैसे ही फ़ार्वर्ड क्लास में भी काफ़ी गरीब लोग हैं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Please go to the Bill.

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : हिन्दुस्तान के इतिहास में; इस भारत के इतिहास में महान नेता और पूर्व प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी एक ऐसा व्यक्तित्व हुई हैं जिन्होंने 20 सूत्री कार्यक्रम के जरिये इस देश के गरीबों को सम्मान देने की कोशिश की । जब-जब इन्दिरा जी ने कदम उठाये—चाहे वह बैंक के राष्ट्रीयकरण का सवाल हो या और कोई सवाल हो तो उस वक्त भी कुछ लोगों ने इन्दिरा जी का विरोध किया था ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): You have finished the Bill?

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : मैं शुरु कर रहा हूं । हमारे जो बलराम जी ने कहा :

"The Central Government shall by due appropriation constitute a Fund to be called to the Agricultural Workers Welfare Fund for the welfare of agricultural workers."

मैं तो उसके भी आगे जाकर सुझाव देना चाहता हूं । जैसा कि किसान के लिए नाबाड बना हुआ है, बैंक बने हुए हैं उसी धरती पर हमारे देश में इंडियन एग्रीकल्चर लेबरर्स बैंक निर्मित किये जाने चाहिएं । सौ करोड़, हजार करोड़ की पूंजी से बनाया जाए और जो हमारे कृषि पर आधारित खेत मजदूर हैं उनको पूरी तरह से फ़ाइनान्स किया जाए मैं उसका पूरी तरह से समर्थन करता हूं ।

इसके साथ उन्होंने कहा है क्लाज 9 में

"There shall be formulated a Scheme by the appropriate Government for providing pension-cwm-Provident Fund facility to. the workers on their, attaining the age of 5. 5 years. "

यह मैं पूछना चाहता हूं कि यह पेंशन पाने वाला कौन है ? उनको पेंशन देने वाला कौन होगा ? राज्य सरकार होगी या केन्द्रीय सरकार होगी ? इसमें दो राय नहीं कि जो फिजिकल वर्क करते हैं वे तो 45 साल में बढ़े हो जाते हैं और जो फिजिकल वर्क नहीं करते हैं वे 65–70 साल तक अच्छी तरह जी सकते हैं । खेत में काम करने वाले मजदूर रात दिन काम करते हैं, खून पसीना एक करके काम करते हैं उनको पेंशन मिलना जरूरी है यह किसान को दिया जाए । किसान को मदद करने के लिए हम क्या कर रहे हैं ? किसान के लिए कोई अधिक धन राशि देने जा रहे हैं इसका स्पष्टीकरण होना बहुत जरूरी है । उसके बाद कहा है क्लाज-12 में

"No employee shall reject a worker on the ground that he is not capable of performing a particular job. "

[श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव]

इसके लिए नार्म्स हैं। तो इसके बारे में आपका क्या सुझाव वह भी मैं जानना चाहता हूं। इस बारे में भी दो राय नहीं हैं कि लीगल प्रोटेक्शन एग्रीकल्चर वर्कर्स को भी चाहिए। किसानों को प्रोटेक्शन चाहिए, खेत मजदूर को लीगल प्रोटेक्शन चाहिए। इसके बाद एग्रीकल्चरल वर्कर्स के लिए वेल्फेयर बैंक का निर्माण करना चाहिए। एक हजार करोड़ की पूंजी उसमें लगानी चाहिए। उसके बाद,

any agricultural worker or landless worker must be allowed to keep one milch animal.

जो खेत में काम करने वाले खेत मजदूर हैं उनको दूध देने वाली गाय या भैंस या मिल्च एनीमल रखने की अनुमति देनी चाहिए और इसका पूरा खर्चा जो खेत ऑनर है, मालिक है उसका उठाना चाहिए। उसके बाद मैं एक सुझाव देना चाहता हूं,

All agricultural workers should have one Life Insurance Scheme.

उनके लिए एक जीवन बीमा की स्कीम बनानी चाहिए। उसके बाद किसानों और खेत मजदरों में संघर्ष नहीं खड़ा करना चाहिए। आज मंडल कमीशन लाने के बाद इस देश में ऐसा माहौल पैदा हो रहा है कि कहां जाति-जाति में युद्ध होने जा रहा है। कास्ट वार होने जा रहा है। मैं इस सरकार से अनुरोध, करना चाहता हूं कि एग्रीकल्चरल वर्कर को न्याय दिया जाय, उनको बराबर का दर्जा दिया जाय। वे जो खून पसीना बहाते हैं उसका सम्मान किया जाय। किसानों और खेत मजदूरों में संघर्ष नहीं पैदा किया जाय। कृषि हमारे देश की मूलभूत नीति है। खेत मजदूर और किसान हमारे देश की प्रमुख शक्ति रही है। यह बहुत पुराने जमाने से चला आ रहा है। भारत कि अर्थ व्यवस्था कृषि की अर्थ व्यवस्था है। जब दुनियां के दूसरे देशों की तरफ हम देखते हैं तो पाते हैं कि किसी देश की अर्थ व्यवस्था इंडस्ट्री पर निर्भर है और किसी देश की अर्थ व्यवस्था ट्रेड और कामर्स पर निर्भर है। लेकिन हमारे देश की अर्थ व्यवस्था कृषि पर आधारित है। हमारे देश में 70 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर करते हैं। इस सरकार ने कहा है कि हम एक नई कृषि, नीति, कंसोलिडेटड एग्रीकल्चरल पालिसी लाएंगे। हम चाहते हैं कि आप जल्दी से जल्दी यह नीति लायें, इसकी आज बहुत जरुरत है। हम मांग करते हैं कि कृषि को उद्योग का दर्जा दिया जाय। जब तक हमारे खेत मजदूरों को न्याय नहीं मिलेगा, जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलेगा तब तक हमारा देश उन्नति नहीं कर सकता है। किसानों के पास पैसा नहीं होता है। दाता के पास ही पैसा नहीं होगा जो पाता कहां से पैसा पाएगा। दाता और पाता की बात प्रधान मंत्री ने भी कही है। दाता तो बहुत ऊंचे हैं, टाटा और बिरला करोड़ों रुपया कमाते हैं। यहां पर एक सवाल आया कि सम्राट होटल में तीन अफसरों पर 36 हजार रुपये खर्च हुए, । हमारे देश की परकैपिटा ,नकम दो हजार रुपये से ज्यादा नहीं है। इसलिये हमें गम्भीरता से इस पर विचार करना चाहिए। हमारे समाज में बहुत से लेप्सेज हैं, जिनको दूर करने की जरुरत है। हमें किसानों और खेत मजदूरों को न्याय देना होगा। बुनियादी बात यह है कि हमें किसानों के बारे में सोचना चाहिए, क्योंकि इसको राम विलास पासवान और विठ्ठलराव जाधव या कोई अन्य अकेले नहीं कर सकते हैं। हमें किसानों को सशक्त करना चाहिए। जब तक किसान और मजदूर सशक्त नहीं होंगे तब तक देश उन्नति नहीं कर सकता है। किसान और खेत मजदूर को साथ साथ चलना चाहिए। हमारे देश में काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक किसान और खेत मजदूरों, करखानों में काम करने वाले मजदूर जो काम करते हैं उसको प्रतिष्ठा मिलनी चाहिए।

आप जानते हैं कि मंडल कमीशन की रिपोर्ट पर हमारे महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक में जहां पर कांग्रेस की सरकारें हैं, उन्होंने उसका स्वागत किया है। जो भी झगड़े हो रहे हैं वे इधर हो रहे हैं जहां इनकी सरकारें हैं। श्री चिमनभाई मेहता को पता है कि हमारे महाराष्ट्र में बहुत पहले से, पिछले 15 सालों से, रोजगार

योजना चल रही है । हमारे मुख्य मंत्री श्री वंसत दादा पाटिल और श्री बसंतराव नायक ने कहा था कि महाराष्ट्र में एक भी आदमी ऐसा नहीं होगा जिसको रोजगार नहीं मिलेगा । कांग्रेस का उद्देश्य समाज से आर्थिक विषमता नष्ट करना है । लेकिन यह सरकार समाज में विघटन पैदा कर रही है । महाराष्ट्र आज भी उस रोजगार की योजना को चला रहा है । पंडित जवाहरलाल नेहरु का और इंदिरा जी का सपना था कि इस देश की एकता बनी रही । लेकिन आज की यह सरकार इस एकता को नष्ट कर रही है, भंग कर रही है । नये नये तरीकों से झगड़े पैदा कर रही है । कृपा करके आप किसानों और खेत मजदरों में झगड़ा मत पैदा कीजिये । इस देश की 70 प्रतिशत जनता खेती पर निर्भर करती है । ऐसी नीति लाइये जिससे सब में भाईचारा पैदा हो और समाज में जो डेफिसिएन्सीज हैं उनको दूर कीजिये । आप किसानों और खेत मजदूरों को न्याय दिलाने का काम कीजिये ।

SHRI PRAVAT KUMAR SAMANTARAY (Orissa): While appreciating the Bill moved by my esteemed colleague, Mr. N. E. Balaram, I would like to point out that he has given a thought to the question of minimum wages and welfare of the agricultural workers.

These agricultural labourers are working throughout the country and I must say that the nation is proud of them. These people have got nothing out of our political gambling and quarrelling here and there. They don't belong to any political party, they do not belong to any religion and they do not belong to any caste. They are above everything. The only thing is that they toil and work but get nothing. After 42 years of independence, a Bill has been moved by a member, who really has given thought to it to ensure that something is done for them. My friend Shri Jadhav said that Kjsans arE paying from their pockets for these labourers. That is not a fact. There are three categories of agriculturists in his country—the marginal farmers, nedium farmers and large farmers. Unless the status of industry is given 0 the agricultural sector, these facili-ies and privileges intended through ; his Bill cannot be extended to these poor workers.

"We have given these benefits and privileges in the organised sector in the small-scale industries, medium-scale industries and large-scale industries. If we think of the marginal farmers, the argument given by Mr. Jadhav is justified because the marginal farmer hires the services of a fellow farmer in this farming, work. But in the case of medium and large-scale farmers, those who actually engage the workers and exploit their labour without giving them the minimum requirement for their livelihood, so Mr. Yadavas argument does not apply at all. They do not have security—socially and economically. They do not get medical facilities. You will be surprised that this Bill is being objected to only by those who engage labourers for their field work and who never do work by themmselves.

In Clause 5 of this Bill, it has been rightly pointed out that the employers must gvit themselves registered. I must say this registration should be done *vf* the case of the medium and large-scale farmers. As we are maintaining Savings Banks account, they should have some such thing so that land records are available to the sub-registrars to find out who is a medium-scale farmers and who is a large-scale farmer. On this basis the Government can impose registration of this class of farmers in order to register themselves as employers under the category of industry to extend the facility that is intended in this Bill.

I once again endorse my full support to this Bill, but before I concede I would say that I also hope that the Goveinment of India will come forward, with a Bill to give more benefits to the. agricultural workers throughout the country.

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, जिस विषय पर चर्चा हो रही है मजदूरों के समस्याओं के बारे में यह अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय है। मेरा निवेदन यह है कि जनता दल की सरकार, नेशनल फ्रंट की सरकार यह प्रयास कर रही है कि मजदूरों की आर्थिक स्थिति सुधरे और उनकी समस्याएं हल हो जाएं। मेरा अनुरोध यह है कि इसके बाद गुरुदास दासगुप्त जी का बिल है जो कि बहुत ही महत्वपूर्ण है और राम जन्म भूमि-बाबरी मस्जिद से संबंधित है। इसलिए मैं यह चाहता था कि इस में लोग थोड़ा थोड़ा समय लें ताकि गुरुदास दासगुप्त जी का बिल विचार के लिए आज ही आ जाए। यद्यपि मेरी उनके संशोधन से सहमति नहीं है (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN **(SHRI** BHASKAR **ANNAJI MASODKAR):** I cannot ask them.

डा. अबरार अहमद खान : सरकार इतनी सजग है कि कृषि से संबंधित विषय पर चर्चा हो रही है और न कृषि मंत्री विराजमान है, न प्रधानमंत्री विराजमान है। कृषि से संबंधित मामला है। (व्यवधान) हर चीज का स्पेशलाइजेशन होता है, इसलिए माननीय मंत्री जी को यहां होना चाहिये। उन्होंने कहा कि सरकार बहुत सजग है। मैं उनकी सजगता का प्रमाण बता रहा हूं कि कृषि से संबंधित मामला है लेकिन प्रधानमंत्री यहां मौजूद नहीं है। मजदूरों से संबंधित मामला है लेकिन श्रम मंत्री उठ कर के चले गये। क्या इस को आप सही बता रहे हैं (**व्यवधान**)

श्री ईश दत्त यादव : लोकसभा में किसी कमेटी का वोट डालना है वह वोट देने गये हैं। मेहता जी हैं।

डा. अबरार अहमद खान : इस सदन का मंत्रियों द्वारा बराबर अपमान किया जाता है। गृह मंत्री मफ्ती मोहम्मद सईद तो इधर आना ही भूल गये। हमेशा राज्य मंत्री को यहां भेज देते हैं। उन्होंने इस सदन को अपर हाऊस के बजाय लोअर हाऊस बना दिया है। (**व्यवधान**) कृषि एवं श्रम मंत्री को आना चाहिये।

TEE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI CHIMANBHAI MEHTA); Mr. Vice-Chairman, Mr. Ram Vilas Paswan has gone to the Lok Sabha for some work. He vill be coming here very soon and in the meantime...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Do you want to respond to this? • ■

SHRI CHIMANBHAI MEHTA: No.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Then, why are you • •. (Interruptions) ... If you want to respond, we will have to go again. You need not respond

SHRl SHABBIR AHMAD SALAR. IA (Jammu and Kashmir): The question is, Mr. Paswan has gone without seeking the permission of the Chair. That is the question,

SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE (Gujarat): Mr. Vice-Chairman, Sir, I am supporting the Agricultural Workers (Minimum "Wages and Welfare) Bill moved by my hon. friend, Mr. N. E. Balaram. At this stage I will not move my amendments but speak only on few aspects of the Bill. It is a good thing that this Bill is brought forward by a private Member for the welfare of agricultural workers. It is also true that at present there is no legal protection for agricultural workers in our country in regard to their working conditions, wage structure, pension and other facilities. Therefore, I welcome this Bill. But there are some difficulties with regard to implementation and that is why I have moved some amendments and I hope they will be adopted by hon. Member, Shri Balaramji. ,

I want to draw your kind attention to clause 2, subclause (c) wherein the definition of the "employer" is given. I think the definition would creat much difficulty because it includes all the farmers, whether he is a big farmer or a small farmer. We know that there are some small farmers like *kisan* in rural areas. They are very poor and uneducated and they do not know the ABC of the existing laws. They are all farmers. They have no irrigated land. Only in monsoon season, they work in their fieldg and in other seasons they work on unirrigated land. So far as the definition is concerned, it has to be modified. If they are covered under this definition, it would be harmful to small farmers. So my suggestion is that after the word "person" this line "who holds 20 acres or more irrigated land" may be added. This would save the smaller farmers. It has been mentioned in Jhis Bill in clause 13 that there shall be an "advisory board" but in this Bill, you have not mentioned anywhere the definition of the advisory board, working of the board, powers of the board. I think when we are going to provide an advisory board, it should not be le't with, the Government. Hence my suggestion is that there shall be an advisory board of 11 persons including the Chairman, two representatives from the employers, three from the workers, two agricultural experts, and four persons may be nominated from the agricultural department.

I also want to draw your kind attention to clause 4 sub-clause (b) and (c) where it has been mentioned that the register would be 'district-wise. It will creat further difficulty for the uneducated farmers because the district headquarters is far away from the rural area. So the register should be panehayat-wise. It would be helpful both to emmployer and worker.

There are small farmers who are poor Harijans, who are uneducated. In many States, the Government has given land to Harijans on priority and suppose, they have not registered their names, then the employer and the worker both will be sufferers. Hence there should be second thought on this provision. So far as clause 7 is concerned, how his service will be counted, it also requires deep thinking.

Clause 9 provides for welfare board. It is a good think for the agricultural worker. In every industry, there is welfare board for their workers.

The pension scheme is the most ideal scheme for the agricultural worker as he is the only person who is not safe in our society. Though he works whole of his life, yet he does not get anything from the various employers. The worker fs the most unsafe person in our society in his old age. He should be guaranteed old age pension. I wish the present Government would think over it to do at least something for them.

SHRI J. S. RAJU (Tamil Nadu): *Mr. Vice-Chairman, Sir. I am very happy to take part in the discussion on a Bill, the subject of which has been talked about for years.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Just a minute. The interpretation is being arranged.

SHRI TINDIVANAM G. VENKAT-RAMAN (Tamil Nadu): He has already started interpreting.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Is it? Has he started? Then please go ahead.

SHRI J. S. RAJU: *The Agricultural workers (Minimum Wages and Welfare) Bill, that has been brought for discussion by Shri Balaram is a worthy Bill and I congratulate him and also thank him for the concern he has shown for the agricultural

♦English Translation of the Original speech delivered in Tamil.

[Shri J. S. Raju] workers. Introduced in the year 1986, the Bill has come up for discussion only now, in 1990. I am happy this Bill has, at last, seen the light of the day. Right from the year I960, say for at least two three generations there has been nation-wide demand for fixing up the minimum wage of agricultural workers. But I am sorry *to* say that nothing substantial came out so far. However, in the year 1980, the then union government announced in Parliament that it would bring a legislation to protect the rights of agricultural workers. But the government, as usual, did not fulfil its promise. Even later there were demands from various organisations and sections to which the centre turned a deaf year.

Sir, on 8th and 9th March this year, the Hon'ble Prime Minister and the Hon'ble Labour and Welfare Minister have said, while participating in a Seminar, that a comprehensive legis lation would be brought for protecting the rights of agricultural workers. I hope their promise will take shape and prove to be a turning point, a mile stone in this direction. Accord ing to planning Commission report, the agricultural workers are estimat ed to be 7 crores and 70 lakhs; roughly about 8 crores. These people are below the poverty line. They are unducated, living in unhygienic con dition without enough food and proper shelter. Almost all the them belong to SC/ST and backward Communi ties. For example, if an agricultural worker needs Rs. 600 a month to live with the minimum necessities of lif". all that he gets per month is a meagre 180 to 360 rupees. Even this income is hot regular. They can't earn all through the year. These workers get work only for about 120 to 140 days a year. If monsoon fails, they won't get even this amount of work.

There are states where the wage Is Very low-beyond imagination. I don't want to refer the names of these stateg for some Hon'ble Member could object to it. I am told, in a certain state, they daily wage is between Rs. 2 to 5. They. are poor, they don't have education, hence they are unorganised. They don't have an or ganisation to fight for their rights and compel the government to listen to their voice of reason though they have an overwhelming strength of 8 crores. Ironically, it is these workers who constitute the parent-body of national development.

Sir, every year, we proudly announce in State Legislatures and Parliament that the agricultural production has gone up than that of the previous year. But do we ever recognise and reward the invisible holy hands of the workers who toil in the fields of feed the whole nation? We extend privileges such as reservation in educational institutions and employment opportunities in Government service and public sector undertakings for various categories of people. This is a very welcome thing and I am happy about it. At the same time let us do some introspection and ask ourselves as to what we have done for the uncared for agricultural workers? We have to admit that they have been neglected all these years. It is time we swung into action to alleviate their hardship. If we see their living conditions, our senses would be crippled. They live in hovels, in hutments-in indescribably squalid conditfons. Crushed by exploitation and overworking with the added agony of under-nourishment, they wear an emaciated look.

They have no resources, no capital to bank on but for their unstinting physical labour. Therefore, fixing up a minimum wage for them could, be the least thing we should do. There is a clause in this Bill that seeks to provide Rs. 20 as the minimum wage per day. Since this Bill was introduced in 1986, the amount must have been fixed in accordence with the price index then. Now we are in 1990 and the prices of commodities

are escalating day by day. So, keeping in view the price-rise, the daily wage should be Axed at Rs. 30 at least. Mention has been made about Insurance and Prodivent Fund scheme for these workers. The^e are very valuable suggestions and indeed quite necessary for their welfar-a and I am sure the government will take note of this. Sir, I feel it won't be out of place to mention here a few schemes launched in Tamil Nadu. Elderly citizens are given Rs. 60 per month as old age pension. If an agricultural worker dies of snake-bits, his family gets Rs. 1000 as grant. If the head of a poor family dies, the family gets Rs. 1000 immediately. There are many such schemes in Tamil Nadu. The old age pension is given in JCerala also. These scae-mes have been launched after a ct-. re-ful analysis of various factors. So, the centre and also other State governments can launch these scheme-? to help the weaker sections. There are different rules in different, states with regard to the minimum wage of the agricultural workers. It differs from district to district in the same State. Even in adjoining districts like Tan-jore and South Arcot, there is difference. But what plagues the mind Is that the workers are not paid the minimum wages in most parts o* the country. However in Tamil Nadu, In case of such exploitation, the Revenue Officials intervene and get the workers' grievances redressed. This should be done all over the Country. Mere enactment of law won't do. Thero should be powerful machineiy to implement it. As in the case of other workers, a register should be maintained for enlisting the agricultural workers. There is a clause in this Bill regarding the maintenaa. 'o of attendence register of workers. But the question as to who will maintain such register remains unanswered. Thig can be decided by the go imminent Because, with whom the workers should register their navies is very important. If it is with the employers, say the landlords, the? the bona fides will be questionable. There

is also a clause to take action against the landlords who violate the law, if passed. I don't know how *fat* these are practicable.

As I have observed the pathetic plight of these people from close quarters, I know the degree of their sufferings. Even the fixing of minimum wage is not going to help them much because, they do not get work throughout the year. They hav> to be given some sort of compensation for the period when there is no work. If the Employment Guarantee Scheme is launched, I hope, these unfortunate people will be benefited. I say this because the workers in the urban areas get work almost all through the year. The workers in the village, on the other hand, get work only during planting and harvest times. No work means no food to them. This is, indeed, too cruel a situation in a democracy. Not only this, these people do not have money for conducting marriage, to have a leak-proof roof over their heads and to celeb-rate great festivals even in small scale. They borrow money on such occasions and become indebated to landlords who exploit them fcr the rest of life. So, we have to look at their problems from hunanitaria<i angles. These are the people who have become prey to the greed of landlords. In many parts of the country horror is unleashed on them. Their huts are set on fire. Th^ir women are raped brutally. Their children are forced to work for the landlord. Therefore I say, it is incumbent on the government to take nerasrary steps to protect them. The Hon'ble Labour and Welfare Minister Shri Ram Vilas Paswan is here. He is a Committed Minister working tirelessly for the upliftment of the weaker sections. I have no doubt in my mind that he will strive hard to br'ng in a legislation for the Welfare of the workers engaged in farming.

Enactment of a comprehensive law by the Centre alone can save these workers.

[Shri J. S. Raju]

I want to say a word about land ceiling. Many States enacted land ceiling Act. But only little land could be acquired for the landlords made good their escape through legal loopholes. Still the centre can enact a law with more stringent clauses snd thus acquire more land. About 2 crores of acres of such lands are with the landlords. This can be taken from them and given to the landless.

Before I conclude, I wish to say one thing. I accept the point raised by some congress friends. The condition of small and marginal farmers is no better. They spend lot of money on their little land for sowing, fertilizer and so on. But it is a paralysing pity that they don't get adequate price for their products. On the contrary, in case of other industrial products, the producers fix the price of their commodities. But the pricing of agricultural products is in the hands of middlemen and not the farmers. Such is the structure of our economy. This situation must change. We must understand that the price of agricultural products has a direct bearing on the wage of the workers. To put it differently, a good price for the produce would mean a good wage, enhanced wage for the workers.

The very purpose of this Bill is to draw the attention of the Government. If the Bill can be accepted as it is, it is well and good. Or else the Government can bring a modified, more comprehensive Bill. The National Front Government has been bringing many Bills that have been appreciated by one and all. So, I hope, keeping in mind the pathetic plight of agricultural workers, the Government will come to the House with a Bill on this subject soon. I support the Bill.

डा० अबरार अहमद खान : उपसभाध्यक्ष महोदय, श्री एन०ई० बलराम जी का यह जो बिल है, यह बहुत ही महत्वपूर्ण बिल है। वास्तव में यह उन गरीबों से संबधित बिल है, जिनके बारे में बहुत कम लोग सोचते हैं और जिन्हें वास्तव में कुछ मिलने का हक है।

अभी हाल ही में मंडल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक एक निर्धारित 27 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की गयी है। तो मैं यह मानकर चलता हूं कि वास्तव में अगर इस आरक्षण का कोई तबका हकदार है तो वे ये कृषि मजदूर हैं जिनके बच्चे बहुत कम शिक्षा पा पाते हैं, जिनके बच्चे बहुत कम आगे आ पाते हैं। वास्तव में यदि देखा जाय तो यह आरक्षण उन लोगों के लिए है जो कृषि मजदूर हैं और जिनका जीवन सिर्फ मजदूरी करने में बीत गया है। जो केवल 14, 18 और 20 रुपए प्रतिदिन कमाते हैं और जिन्हें कि साल के 365 दिनों में से केवल 120 दिन, 140 या 50 दिन ही काम मिल पाता है और बाकी दिन उन्हें अपने घर में बैठकर गुजारने पड़ते हैं। अगर उनके बच्चों के लिए सरकार कोई आरक्षण की व्यवस्था करती है और हमारी पार्टी का भी यही कहना है और आज सुबह भी अहलुवालिया जी ने पढ़कर सुनाया था कि आरक्षण निश्चित रूप से होना चाहिए, लेकिन उस में उन लोगों को जो आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं, निश्चित रूप से कंसीडर किया जाना चाहिए क्योंकि जो भी हम इस प्रकार की योजना बनाते हैं, ऊपर-के-ऊपर कुछ ही लोग होते हैं जो उस लाभ को ले जाते हैं। वास्तव में देखा जाय तो वे उस लाभ के हकदार भी नहीं होते हैं। तो जो गरीब लोग हैं उनके लिए बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। और मैं बधाई दूंगा बलराम जी को, कि वे यह बिल लाए और इस बिल का मैं समर्थन करूंगा।

उपाध्यक्ष महोदय, अभी थोड़ी देर पहले मंडल-आयोग के बारे में, जो इन गरीब मजदूरों के बच्चों को आरक्षण देने के लिए है, उस पर चर्चा चल पड़ी थी और यह बात आई थी, केन्द्रीय मंत्री जी ने कहा कि हमने यह केन्द्र के लिए लागू किया है, बीजू पटनायक जी के वक्तव्य के संबंध में अपना स्पष्टीकरण दे रहे थे कि कुछ जगह गलतफहमी हो गई थी।...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): That point is over now. You come to the subject.

डा० अबरार अहमद खान: महोदय मैं मजदूरों के बारे में ही बोल रहा हूं कि मजदूरों को उसको फायदा पहुंचे, किसी पोलिटिकल व्यू से नहीं बोल रहा।

श्री ईश दत्त यादव : मंडल-आयोग पर आप बोल रहे थे।

डा० अबरार अहमद खान: इस पर बोलने के लिए प्रतिबंध तो नहीं लगा सकते। मैं कह रहा था कि अगर मजदूर को फायदा पहुंचाने के लिए यह नहीं है, कृषि-मजदूरों के बच्चों को फायदा पहुंचाने के लिए नहीं है तो मैं नहीं समझ पाता कि इसका कोई औचित्य रह जाता है या इसका कोई मतलब रह जाता है। आप सुनने का जरा साहस रखिए, हिम्मत रखिए। माननीय मंत्री जी बैठे हैं, इस बात को वे भी महसूस करते हैं कि अगर इस मंडल आयोग के आरक्षण का फायदा किसी को पहुंचना चाहिए, तो वे किसान है, मजदूर है, खेत में काम करने वाले किसान हैं, जिनके बच्चे गांव की पाठशाला के अंदर पढ़कर या पेड़ के नीचे पढ़कर आगे आते हैं, उनको इस आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। इसी संदर्भ में मंडल-आयोग के बारे में बात करना उचित है, सार्थक है और मैं कह रहा था उसी संदर्भ में, कि ऐसा कहा गया कि किसी को गलतफहमी हो गई थी कि राज्य-सरकारों में इसको लागू किया जा रहा है। अब यह इस प्रकार का वातावरण क्यों बना? किसी मुख्यमंत्री ने कोई वक्तव्य दिया, मैं उनका नाम यहां कोट नहीं करना चाहता, लेकिन आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से गरीब, कृषि-मजदूरों को लाभ पहुंचाने के लिए यह कहना चाहूंगा कि उन्होंने जब इसको लागू किया था तब यहां कहा था कि जो भी हमारी राज्य-सरकारें हैं, उनसे कहेंगे कि वहां भी मंडल-आयोग को लागू करें. जिससे इन कृषि-मजदूरों और उनके बच्चों को लाभ मिल सके। आज जब उन्होंने यह बात कही तो मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ कि क्या उनका विचार उनकी राज्य-सरकारों या दूसरी राज्य-सरकारों के कहने से बदल गया है?

उपाध्यक्ष महोदय, आप भलीभांति जानते हैं, आप इस समाज को बहुत अच्छी तरह से समझते हैं कि केन्द्र सरकार में कितने प्रतिशत नौकरियां हैं? अगर ज्यादातर नौकरियां हैं तो राज्य-सरकार की हैं और अगर राज्य सरकार की नौकरियों में इनको लाभ नहीं पहुंचाते हैं तो यह मात्र एक खोखला बनकर रह जाएगा। आज जब उन्होंने कहा कि हम यह राज्य-सरकारों के लिए इस तरह की बात नहीं कह रहे हैं, राज्य सरकारों में इस तरह का लागू नहीं किया जा रहा है तो मुझे बड़ी हैरत हुई क्योंकि मैं बड़ा प्रभावित था इनके पहले दिन के वक्तव्य से, जो यहां प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि जहां हमारी सरकार है, उनसे कहेंगे कि इसको लागू करें और दूसरी सरकारों से भी मनवाने का प्रयास करेंगे। आज इस प्रकार की विरोधाभास वाली बात क्यों है? क्या यह जो माहौल बना है, उससे विचारों में परिवर्तन आया या किसी सांसद ने इस्तीफा दिया उससे विचारों में परिवर्तन आया या किसी मुख्य मंत्री

[डा० अबरार अहमद खान]

ने वक्तव्य दिया, उससे विचारों में परिवर्तन आया ? मैं नहीं समझ पाता कि यह क्या है ? अगर वास्तव में हम कृषि-मजदूर के बच्चों को लाभ पहुंचाना चाहते हैं, गांव के गरीब को लाभ पहुंचाना चाहते हैं, एक धानी में रहने वाले को लाभ पहुंचाना चाहते हैं, एक गांव में रहने वाले को लाभ पहुंचाना चाहते हैं तो हमें राज्य सरकारों से कहना पड़ेगा कि वे इस आरक्षण को मानें और इसमें आर्थिक मापदंड निर्धारित करें ।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : अबरार अहमद जी, आरक्षण की बात न करो ।

डा० अबरार अहमद खान : महोदय, इससे उस कृषि-मजदूर, उस खेतिहर किसान के बच्चे को लाभ दिया जा सकता है, उसको कृषि मजदर से एक दफ्तर में बाबू की हैसियत से लाना है एक अधिकारी की हैसियत से लाना है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : मिनिस्टर साहब ने उनकी पोजीशन क्लीयर कर दी है । आप उसमें मत जाइए, जो बलराम जी का विधेयक है, उस पर अपनी बात कहिए ।

